# ग्रेटर नोएडा में खुलेगा वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का कैंपस



लोक भवन में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी द्वारा ग्रेटर नोएडा में कैंपस स्थापित करने के लिए समझौता पत्र के आदान-प्रदान कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व डब्ल्यूएसयू की कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर डेबोरा स्वीनी ● सूचना विभाग

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी अपना पहला कैंपस ग्रेटर नोएडा में खोलेगी। इसके लिए आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश सरकार की तरफ से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व आस्ट्रेलिया की तरफ से यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर डेबोरा स्वीनी ने हस्ताक्षर किए। यह ग्रेटर नोएडा में स्थापित होने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय है। पहले चरण में इसका वाणिज्यिक भवन बनाया जाएगा और दूसरे चरण में सात एकड़ में पूर्ण विश्वविद्यालय विकसित किया जाएगा।

अपने कार्यालय में आयोजित समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने कहा कि नोएडा में प्रस्तावित परिसर उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 के उद्देश्यों के अनुरूप है। यह नीति घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों को आकर्षित करने, राज्य की युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और दीर्घकालिक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का ग्रेटर नोएडा कैंपस वैश्विक स्तर की शिक्षा और नवाचार लेकर आएगा, जिससे भारत और आस्ट्रेलिया के बीच संबंध मजबूत होंगे।

**आस्ट्रेलिया ने प्रदेश सरकार के साथ किया समझौता, पहले चरण में बनेगा वाणिज्यिक भवन, दूसरे में विश्वविद्यालय**

मुख्य सचिव ने कहा कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी शीर्ष 50 युवा विश्वविद्यालयों में शामिल है। यह विश्वविद्यालय नवाचार में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। विश्वविद्यालय का कैंपस प्रदेश में उद्यमशीलता को प्रेरित करेगा तथा राज्य की एग्रोटेक पहल का समर्थन करेगा।

कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर (ग्लोबल) डा. निकोलिन मर्डोक, यूनिवर्सिटी के संचालन और वाणिज्यिक उपाध्यक्ष बिल परासिरिस, हाक्सबरी पर्यावरण संस्थान में अंतरराष्ट्रीय रणनीति एवं सहभागिता (खाद्य और पर्यावरण) की प्रमुख डा. निशा राकेश, आस्ट्रेलियाई उच्चायोग में मिनिस्टर-काउंसलर (शिक्षा और अनुसंधान) मैथ्यू जानसन और अनुसंधान सहयोग एवं सहभागिता (दक्षिण एशिया) की प्रमुख डा. कोपल चौबे, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग, उच्च शिक्षा के प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार और इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रथमेश कुमार मौजूद थे।